पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर बधाई दी

मुलायम सिंह यादव का हाल-चाल लिया

लखनऊः 15 मार्च, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव को उनकी सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर बधाई दी है। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा कि वे आशा करते हैं कि सरकार प्रदेश के विकास के लिये जनता के विश्वास के अनुसार प्रयास करेगी।

इसके अलावा राज्यपाल ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री मुलायम सिंह यादव से फोन पर बात कर उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली तथा शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने की शुभकामनाएं भी दीं। राज्यपाल ने कहा कि वे शीघ्र ही श्री यादव से व्यक्तिगत रूप से भेंट कर हालचाल लेंगे।